गणमान्य व्यक्तियों ने लोक सभा अध्यक्ष को उनके जन्मदिन पर बधाई दी

...

नई दिल्ली, 23 नवंबर, 2023: भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला से बात की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ ने भी श्री बिरला को फोन किया और उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं।

प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी ने भी आज लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। प्रधानमंत्री ने अपने ट्विटर संदेश में लिखा, "लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। हमारे देश की संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने की उनकी प्रतिबद्धता और उनकी नेतृत्व क्षमता वास्तव में सराहनीय है। लोक सभा के पीठासीन अधिकारी के रूप में, उन्होंने सदैव यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया है कि युवा सांसदों और महिला सांसदों को बोलने का अवसर मिले और संसदीय चर्चा समृद्ध हो। मैं कामना करता हूँ कि यह वर्ष उनके लिए अच्छा स्वास्थ्य और खुशियाँ लेकर आए और उन्हें उनके सभी प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त हो।"

केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, राज्यपालों, संसदीय समितियों के सभापतियों, संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने आज लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला को उनके जन्मदिन पर बधाई दी।

राजनीतिक नेताओं के अलावा, देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से राजनयिकों, शिक्षाविदों, प्रतिष्ठित हस्तियों और आम लोगों ने भी लोक सभा अध्यक्ष को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं।